**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 51 /09/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025-26/13-परीक्षा/2024**

लखनऊ : दिनांक : 01 अप्रैल, 2026

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-13-परीक्षा/2024, आशुलिपिक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/13 की लिखित परीक्षा दिनांक 20-01-2026 को आयोजित की गयी थी। तदुपरांत आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 22.01.2026 द्वारा उक्त लिखित परीक्षा की Provisional उत्तर कुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गयी थी एवं आवश्यक सूचना दिनांक 22.01.2026 द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा के मास्टर सेट की Provisional उत्तर कुंजी पर आपत्ति (यदि कोई हो) दर्ज कराये जाने हेतु लिंक आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.01.2026 को प्रकाशित की गयी Provisional उत्तर कुंजी के सापेक्ष प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के उपरान्त प्रश्नगत परीक्षा के मास्टर सेट की संशोधित उत्तर कुंजी (विवरणात्मक) अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है।

संलग्नक- यथोपरि।

01/04/2026
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ

## विज्ञापन संख्या–13–परीक्षा/2024

## आशुलिपिक मुख्य परीक्षा (प्रा.अ.प.- 2023)/13

## उत्तर कुंजी (मास्टर सेट)

परीक्षा तिथि : 20-01-2026

Set Code : DY1

Answer Key

| | |
|---|---|
| 1. | 'औ' _________ स्वर है ।<br>**संयुक्त** |
| 2. | कतरनी, झटपट, पीलापन, घुड़साल इत्यादि _________ शब्द हैं ।<br>**यौगिक** |
| 3. | 'यद्यपि' शब्द किस संधि का उदाहरण है ?<br>**यण्** |
| 4. | 'परमौजस्वी' का संधि–विच्छेद निम्न में से कौन–सा है ?<br>**परम + ओजस्वी** |
| 5. | निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द का चयन कीजिए ।<br>**परीक्षा** |
| 6. | शब्द–रचना के आधार पर बताइए कि कौन–सा शब्द योगरूढ़ है ?<br>**जलज** |
| 7. | 'अभिराम' तथा 'अविराम' का अर्थ बताइए ।<br>**सुंदर तथा निरंतर** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 8. | विकल्पों में से भाववाचक संज्ञा शब्दों का चयन कीजिए ।<br>1. परस्पर<br>2. निजत्व<br>3. वर्षा<br>4. वाहवाही<br>5. दौड़<br>नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए ।<br>**केवल 2, 4 और 5** |
| 9. | 'मेरे द्वारा मकान ढहाया गया था ।' यह वाक्य किस कारक का उदाहरण है ?<br>**करण** |
| 10. | 'वह <u>जो</u> न करे, <u>सो</u> थोड़ा ।' वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित पद किस सर्वनाम का उदाहरण हैं ?<br>**संबंधवाचक** |
| 11. | 'भीतरी, सुडौल, पिघला, उचित' आदि शब्द किस विशेषण के उदाहरण हैं ?<br>**गुणवाचक विशेषण** |
| 12. | विकल्पों में से अकर्मक क्रियायुक्त वाक्य का चयन कीजिए ।<br>**बूँद–बूँद से घड़ा भरता है ।** |
| 13. | 'वे मेरी सब कथा जानते होंगे ।' यह वाक्य किस काल का बोध कराता है ?<br>**संदिग्ध वर्तमान काल** |
| 14. | 'आज्ञा, वत्स, कवि, अग्नि' ये किस प्रकार के शब्द हैं ?<br>**तत्सम** |
| 15. | 'वायु' का तद्भव रूप निम्न विकल्पों में से कौन–सा है ?<br>**उपर्युक्त में से कोई नहीं** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

Answer Key

| | |
|---|---|
| 16. | विकल्पों में से रीतिवाचक क्रियाविशेषण शब्द का चयन कीजिए ।<br>1. अनायास<br>2. सर्वत्र<br>3. वृथा<br>4. अस्तु<br>5. हौले<br>नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए ।<br>**केवल 1, 3 और 5** |
| 17. | 'लिए, निमित्त, खातिर, सबब, मारे' ये शब्द किस तरह के संबंधवाचक शब्द हैं ?<br>**हेतुवाचक** |
| 18. | फारसी शब्द समूह का चयन कीजिए ।<br>1. टिकट<br>2. कबूतर<br>3. दिसंबर<br>4. पैदावार<br>5. अपील<br>नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए ।<br>**केवल 2 और 4** |
| 19. | विकल्पों में से 'सम' उपसर्गयुक्त शब्द का चयन कीजिए ।<br>**समकालीन** |
| 20. | विकल्पों में से ऐसे शब्द का चयन कीजिए जो उपसर्ग और प्रत्यय दोनों से युक्त हो ।<br>**प्राकृतिक** |
| 21. | 'बहुधा, निरंतर, निदान, आखिर' ये शब्द किस प्रकार के क्रियाविशेषण का बोध करते हैं ?<br>**कालवाचक** |
| 22. | 'यदि आप भी मेरे साथ रहेंगे तो मुझे अच्छा लगेगा ।' यह वाक्य निम्न विकल्पों में से किसका उदाहरण है ?<br>**संकेतवाचक वाक्य** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

Answer Key


| | |
|---|---|
| 23. | वाक्य के कितने मुख्य अवयव हैं ?<br>**उपर्युक्त में से कोई नहीं** |
| 24. | दिए गए विकल्पों में से अशुद्ध वाक्य को अलग कीजिए ।<br>**साहित्य और जीवन का घोर संबंध है ।** |
| 25. | 'समुद्र' के पर्यायवाची शब्द कौन–से हैं ?<br>**अर्णव, अब्धि, वारीश** |
| 26. | 'अभिनंदन' शब्द का अर्थ क्या है ?<br>**किसी श्रेष्ठ का मान या स्वागत** |
| 27. | 'ग्राह्य' का विलोम शब्द क्या है ?<br>**त्याज्य** |
| 28. | 'जो स्त्री सूर्य भी न देख सके' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या है ?<br>**असूर्यम्पश्या** |
| 29. | 'तीन तेरह होना' इस मुहावरे का क्या अर्थ है ?<br>**तितर–बितर होना** |
| 30. | 'आगे नाथ न पीछे पगहा' इस लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?<br>**किसी तरह की जिम्मेवारी का न होना** |
| 31. | निम्नलिखित प्रश्न में, वह विकल्प चुनिए जो प्रश्नवाचक चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित करेगा ।<br>वास्तुकार : भवन : : मूर्तिकार : ?<br>**मूर्ति**<br>In the following question, find out the alternative which will replace the question mark (?).<br>Architect : Building : : Sculptor : ?<br>**Statue** |


Answer Key




परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ


32. दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त आकृति चुनिए जो प्रश्नवाचक चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित करे ।



Select a suitable figure from the given alternatives that would replace the question mark (?).



33. दिए गए विकल्पों में से असंगत विकल्प चुनें ।

**RSUY**

Choose the odd one out.


**RSUY**

Answer Key




परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ


34. घूर्णन के बाद मुख्य आकृति (X) कैसी दिखाई देगी ?




(X)




How will the key figure (X) look like after rotation ?



(X)




35. पासे की तीन भिन्न स्थितियाँ नीचे दर्शाई गई हैं । संख्या 6 के विपरीत फलक पर कौन–सी संख्या दिखाई पड़ती है ?




**1**

Three different positions of a dice are shown below. Which number appears on the face opposite the number 6 ?




**1**

Answer Key



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ


36. छठी कक्षा के चार मित्र एक पिज़्ज़ा आपस में बाँट रहे थे । उन्होंने तय किया कि उम्र में सबसे बड़ा मित्र अतिरिक्त टुकड़ा लेगा । रमेश, गणेश से दो माह बड़ा है, जो नितेश से तीन माह छोटा है । कमलेश, गणेश से एक माह बड़ा है । पिज़्ज़ा का अतिरिक्त टुकड़ा किसे मिलना चाहिए ?

**नितेश**

Four friends in the sixth grade were sharing a pizza. They decided that the oldest friend would get the extra piece. Ramesh is two months older than Ganesh, who is three months younger than Nitesh. Kamlesh is one month older than Ganesh. Who should get the extra piece of pizza ?


**Nitesh**

37. नीचे दी गई समस्या आकृतियों को ध्यान से देखें और दिए गए विकल्पों में से वह एक विकल्प चुनें जो समस्या आकृतियों में पालन किए गए प्रतिरूप को जारी रखेगा ।





Observe the problem figures given below and select one option from the given alternatives which will continue the same pattern followed in the problem figures.





38. वह विकल्प चुनें जो दिए गए शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश में सही क्रम प्रदर्शित करता हो ।

a. Circulate
b. Circuit
c. Citrus
d. Cinnamon
e. Citizen

**d, b, a, e, c**

Select the option that represents the correct order of the given words as they would appear in an English dictionary.

a. Circulate
b. Circuit
c. Citrus
d. Cinnamon
e. Citizen


**d, b, a, e, c**



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ


Answer Key

39. दिए गए चित्र में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए ।



**उपर्युक्त में से कोई नहीं**

Find the number of triangles in the given figure.



**None of the above**

40. अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए ।

भारत में महिलाओं का भविष्य काफ़ी उज्ज्वल है और हमें आशा है कि वे अवसर मिलने पर अपनी क्षमताओं को सिद्ध करेंगी । नेपोलियन सही था जब उसने कहा कि महिलाओं को शिक्षित करके हम पूरे राष्ट्र को शिक्षित कर सकते हैं, क्योंकि कोई भी देश अपनी 50% आबादी के योगदान के बिना आगे नहीं बढ़ सकता ।

यह अनुच्छेद निम्नलिखित कथन का सबसे अधिक समर्थन करता है कि :

**महिलाओं को अपनी क्षमता सिद्ध करने और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के लिए पूर्ण स्वतंत्रता दी जानी चाहिए ।**

Read the paragraph carefully and answer the question given below it.

The future of women in India is quite bright and let us hope that they will justify their abilities by rising to the occasion. Napoleon was right when he declared that by educating the women we can educate the whole nation. Because a country can never rise without the contribution of 50% of their population.

The passage best supports the statement that :

**women ought to be imparted full freedom to prove their worth and contribute to the progress of the nation.**

Answer Key



परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

41. 8, 43, 11, 41, _?_, 39, 17,

श्रेणी को पूरा करने के लिए रिक्त स्थान (?) में कौन-सी संख्या भरनी चाहिए ?


**उपर्युक्त में से कोई नहीं**


8, 43, 11, 41, _?_, 39, 17,

What number should fill in the blank (?) to complete the series ?


**None of the above**


42. दिए गए पाँच प्रश्न आकृतियों द्वारा स्थापित श्रेणी को आगे बढ़ाने वाली उपयुक्त आकृति को दिए गए विकल्पों में से चुनिए।





Select a figure from amongst the given alternatives which will continue the same series as established by the following five Problem Figures.






Answer Key



परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

43. किसी विद्यालय में प्रत्येक दूसरे महीने आवधिक परीक्षाएँ आयोजित की जाती हैं । अप्रैल 2001 से मार्च 2002 के सत्र के दौरान, कक्षा IX के एक छात्र ने प्रत्येक आवधिक परीक्षा में भाग लिया । प्रत्येक आवधिक परीक्षा में उसके द्वारा प्राप्त कुल अंक नीचे दिए गए रेखा–आलेख में दर्शाए गए हैं ।

**प्रत्येक आवधिक परीक्षा में अधिकतम कुल प्राप्तांक = 500**





किस आवधिक परीक्षा में छात्र ने पिछली आवधिक परीक्षा की तुलना में सर्वाधिक प्रतिशत वृद्धि प्राप्त की ?

**अक्टूबर**

In a school the periodical examination are held every second month. In a session during April 2001 to March 2002, a student of Class IX appeared for each of the periodical exams. The aggregate marks obtained by him in each periodical exam are represented in the line-graph given below.

**Maximum total marks in each Periodical Exam = 500**




In which Periodical Exams did the student obtain the highest percentage increase in marks over the previous periodical exams ?

**October**

44. एक निश्चित कोड़ में "BASE" को "GUCD" लिखा जाता है । उसी कोड़ में "COMMAND" कैसे लिखा जाता है ?

**FPCOOQE**

In a certain code "BASE" is written as "GUCD". How "COMMAND" is written in that code ?

**FPCOOQE**





परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ


45. नीचे दिए गए आलेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उसके पश्चात दिए गए प्रश्न का उत्तर दें :

एम.बी.ए. प्रवेश परीक्षा के लिए नामांकित उम्मीदवारों तथा विभिन्न संस्थानों में (नामांकित उम्मीदवारों में से) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों का वितरण :

नामांकित उम्मीदवार = 8550




परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार = 5700





संस्थान S और P से उत्तीर्ण हुए कुल उम्मीदवारों की संख्या, संस्थान T और R से नामांकित उम्मीदवारों की कुल संख्या से अधिक है :

**उपर्युक्त में से कोई नहीं**


Study the following graph carefully and answer the question given below :

Distribution of candidates who were enrolled for MBA entrance exam and the candidates (out of those enrolled) who passed the exam in different institutes :

Candidates Enrolled = 8550




Candidates who passed the Exam = 5700




The number of candidates passed from institutes S and P together exceeds the number of candidates enrolled from institutes T and R together by :

**None of the above**



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 46. | किस तापमान पर जल वाष्प अवस्था में परिवर्तन के लिए पर्याप्त ऊर्जा प्राप्त करता है ?<br>**100°C**<br>At what temperature water gain enough energy to change into the vapour state ?<br>**100°C** |
| 47. | लोहा (आयरन) के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रतीक की पहचान करें ।<br>**Fe**<br>Identify the symbol used for Iron.<br>**Fe** |
| 48. | निम्नलिखित में से किसका उपयोग गलगंड के उपचार में किया जाता है ?<br>**आयोडीन**<br>Which of the following is used in the treatment of Goitre?<br>**Iodine** |
| 49. | पहचानें कि निम्नलिखित में से कौन–सा शरीर के सभी हिस्सों से अपशिष्ट उत्पादों को एकत्र करता है और उन्हें निपटान के लिए गुर्दे और यकृत में ले जाता है ?<br>**रक्त**<br>Identify which of the following collects waste products from all parts of the body and carries them to the kidneys and liver for disposal ?<br>**Blood** |
| 50. | यदि कोई व्यक्ति 120 मिनट में 20 किलोमीटर की यात्रा करता है, तो उसकी चाल क्या होगी ?<br>**10 किलोमीटर प्रति घंटा**<br>If a person travels 20 kilometers in 120 minutes, what will be his speed ?<br>**10 kilometers per hour** |
| 51. | समुद्र की गहराई को मापने के लिए किस तरंग का उपयोग किया जाता है ?<br>**पराध्वनि (अल्ट्रासाउंड)**<br>Which of the waves are used to measure the depth of the sea ?<br>**Ultrasound** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 52. | निम्नलिखित में से कौन माता-पिता से संतान में वंशानुगत विशेषता के हस्तांतरण को नियंत्रित करता है ?<br>**उपर्युक्त में से कोई नहीं**<br>Which of the following controls the transfer of a hereditary characteristic from parents to offspring ?<br>**None of the above** |
| 53. | निम्नलिखित में से कौन-सी एकमात्र धातु हैं जो कमरे के तापमान पर द्रव है ?<br>**पारा**<br>Which of the following is the only metal that is liquid at room temperature ?<br>**Mercury** |
| 54. | किस विधि से क्रीम को दूध से अलग किया जाता है ?<br>**अपकेंद्रण**<br>By which method cream is separated from milk ?<br>**Centrifugation** |
| 55. | खरपतवारों को हटाने और मिट्टी को ढीला करने के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरण की पहचान करें ।<br>**कुदाल**<br>Identify the tool used for removing weeds and loosening the soil.<br>**Hoe** |
| 56. | उस देश की पहचान करें जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पश्चिमी दुनिया में प्रमुख आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य शक्ति के रूप में उभरा ।<br>**संयुक्त राज्य**<br>Identify the country that emerged as dominant economic, political and military power in the Western world after World War II.<br>**United States** |
| 57. | अंग्रेजों को सौंपे जाने से पहले बॉम्बे को किस औपनिवेशिक देश ने नियंत्रित किया था ?<br>**पुर्तगाल**<br>Which colonial country controlled Bombay before it was handed over to the British ?<br>**Portugal** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 58. | निम्नलिखित में से कौन-सी सबसे पश्चिमी चोटी है ?<br>**नंदा देवी**<br>Which of the following is the westernmost peak ?<br>**Nanda Devi** |
| 59. | गंगा नदी के दाहिने किनारे की सहायक नदी की पहचान करें ।<br>**यमुना**<br>Identify the right bank tributary of the Ganga river.<br>**Yamuna** |
| 60. | भारत के नम उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वनों में सबसे प्रमुख प्रजातियों की पहचान करें ।<br>**सागौन**<br>Identify the most dominant species in the Moist Tropical Deciduous forests of India.<br>**Teak** |
| 61. | 56 वाँ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव किस शहर में आयोजित किया गया था ?<br>**पणजी**<br>In which city was $56^{th}$ International Film Festival of India organised ?<br>**Panaji** |
| 62. | आई.सी.सी. महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 के फाइनल मैच में भारत से हारने वाली टीम की पहचान करें ।<br>**दक्षिण अफ्रीका**<br>Identify the team defeated by India in the ICC Women's ODI World Cup 2025 final match.<br>**South Africa** |
| 63. | भारत के एक पड़ोसी देश की पहचान करें जिसमें Gen Z द्वारा विद्रोह के कारण 2025 में सरकार का पतन हुआ ।<br>**नेपाल**<br>Identify a neighbouring country of India in which revolt by Gen Z led to the downfall of the government in 2025.<br>**Nepal** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 64. | 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता के देश का नाम की पहचान करें ।<br>**वेनेजुएला**<br>Identify the name of the 2025 Nobel Peace Prize awardee's country.<br>**Venezuela** |
| 65. | निम्नलिखित में से किस उपग्रह का भारत द्वारा 2 नवंबर, 2025 को प्रक्षेपण किया गया था ?<br>**सी.एम.एस.–03**<br>Which of the following satellites was launched by India on 2nd November, 2025 ?<br>**CMS–03** |
| 66. | फेच–एक्जीक्यूट चक्र में, सी.पी.यू. द्वारा किया जाने वाला पहला कार्य क्या है ?<br>**स्मृति से निर्देश प्राप्त करना**<br>In the fetch-execute cycle, what is the first action the CPU takes ?<br>**Fetch the instruction from memory** |
| 67. | ALU का विस्तारित रूप है<br>**एरिथमैटिक लॉजिक यूनिट**<br>What does ALU stand for ?<br>**Arithmetic Logic Unit** |
| 68. | GUI OS में विंडो मैनेजर/विंडो सर्वर क्या करता है ?<br>**स्क्रीन पर विंडो कैसे दिखती है, मूव करती है, साइज़ परिवर्तन करती है और परस्पर क्रिया करती है, इसे नियंत्रित करता है**<br>What does a window manager/window server do in GUI OS ?<br>**Controls how windows appear, move, resize and interact on the screen** |
| 69. | ब्रूट फ़ोर्स अटैक में मुख्य रूप से सम्मिलित है<br>**संदेश का विगुढ़न करने के लिए सभी संभव कीज़**<br>A brute force attack primarily involves<br>**All possible keys to decrypt the message** |

Answer Key



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 70. | एक्सेल में प्रत्येक सूत्र आरंभ होना चाहिए<br>**= (बराबर का चिह्न)**<br>Every formula in Excel must begin with<br>**= (equal sign)** |
| 71. | एक्सेल में डेटा सॉर्ट करने से परिवर्तित होता है<br>**पंक्तियों का क्रम**<br>Sorting data in Excel changes the<br>**Order of the rows** |
| 72. | प्रसुप्ति (नेटवर्किंग में) क्या है ?<br>**आँकड़े को स्रोत से गंतव्य तक जाने में लगने वाला समय**<br>What is latency (in networking) ?<br>**Time for data to travel from source to destination** |
| 73. | WWW का विस्तारित रूप क्या है ?<br>**वर्ल्ड वाइड वेब**<br>What does WWW stand for ?<br>**World Wide Web** |
| 74. | IoT का पूर्ण रूप है<br>**इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स**<br>IoT stands for<br>**Internet of Things** |
| 75. | एक पृष्ठस्मृति का उपयोग किया जाता है<br>**बाद में शीघ्रता से अभिगम हेतु किसी विशिष्ट स्थान को चिन्हित करना**<br>A bookmark is used to<br>**Mark a specific location for quick access later** |

Answer Key



परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 76. | एक _______ नेटवर्क में, सभी युक्तियाँ एक केंद्र से जुड़ी होती है और उसके माध्यम से संप्रेषण करती है ।<br>**तारा (स्टार)**<br>In a _________ network, all devices connect to a hub and communicate through it.<br>**star** |
| 77. | प्रारम्भिक अभिकलित्र _______ तंत्र थे ।<br>**उपर्युक्त में से कोई नहीं**<br>The earliest computers were __________ systems.<br>**None of the above** |
| 78. | IPv4 पते की आमाप क्या है ?<br>**32 बिट**<br>What is the size of an IPv4 address ?<br>**32 bits** |
| 79. | अधिकतर नेटवर्क में कौन–सी युक्ति अपने आप IP पता समनुदेशित करती है ?<br>**डी.एच.सी.पी. सर्वर**<br>Which device assigns IP addresses automatically in most networks ?<br>**DHCP Server** |
| 80. | अंकीय हस्ताक्षर मुख्य रूप से पक्का करने के लिए उपयोग किए जाते हैं<br>**अखंडता और प्रमाणीकरण**<br>Digital signatures are mainly used to ensure<br>**Integrity and Authentication** |
| 81. | उत्तर प्रदेश का बरेली शहर किसके निर्माण के लिए प्रसिद्ध है ?<br>**लकड़ी का फर्नीचर निर्माण**<br>Bareilly city of Uttar Pradesh is famous for which type of manufacturing ?<br>**Wooden furniture manufacturing** |



परीक्षा नियंत्रक
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

Answer Key

| | |
|---|---|
| 82. | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उत्तर प्रदेश के मोती लाल नेहरू बाल संग्रहालय, लखनऊ के संबंध में सत्य है ?<br>**यह 1957 में शुरू हुआ ।**<br>Which of the following statements about the Motilal Nehru Bal Museum, Lucknow, Uttar Pradesh is correct ?<br>**It was started in 1957.** |
| 83. | पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुँवर सिंह ने 26 मार्च 1858 को किस ब्रिटिश अफसर को आजमगढ़ में हराया ?<br>**कर्नल मिलमैन**<br>Kunwar Singh from Eastern Uttar Pradesh defeated which British Officer at Azamgarh on 26th March 1858 ?<br>**Colonel Millman** |
| 84. | 1902 में उत्तर प्रदेश का पुनर्गठन हुआ और इसका नया नाम _______ दिया गया ।<br>**आगरा और अवध के संयुक्त प्रांत**<br>In 1902, the Uttar Pradesh was reorganised and given which new name ?<br>**United Province of Agra and Avadh** |
| 85. | शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश की बड़ाताल झील किस नदी के विसर्प में स्थित है ?<br>**राम-गंगा**<br>Baratal Lake of Shahjahanpur, Uttar Pradesh is located on the meander of which river ?<br>**Ram-Ganga** |
| 86. | कौन-सा समूह दक्षिणी उत्तर प्रदेश की मृदाएँ सूचीकृत करता है ?<br>**पहाड़ी, माड़, कवार, पड़वा**<br>Which group correctly lists soils of Southern Uttar Pradesh ?<br>**Monta, Maad, Kawar, Padwa** |

Answer Key



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 87. | 2024 स्थानीय शासन निष्पादन सूचकांक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?<br>**उत्तर प्रदेश ने शानदार सुधार दर्शाया और 2024 की रैंकिंग में 15 वें स्थान से 5 वें स्थान पर आ गया ।**<br>Which of the following statements is correct regarding the 2024 Local Governance Performance Index ?<br>**Uttar Pradesh has shown remarkable improvement, climbing from 15th place to 5th place in the 2024 ranking.** |
| 88. | जून 2025 में उत्तर प्रदेश में किए गए इसरो के परीक्षणों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?<br>**इसरो ने कुशीनगर, उत्तर प्रदेश में रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण सफलतापूर्वक किए ।**<br>Which of the following statements is correct regarding the ISRO trials conducted in Uttar Pradesh in June 2025 ?<br>**ISRO successfully conducted trials of rocket launch systems in Kushinagar, Uttar Pradesh.** |
| 89. | मई 2025 में, उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत की पहली जंगल सफारी विस्टाडोम रेलगाडी शुरू की, यह किन वन्यजीव क्षेत्रों को जोडती है ?<br>**कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण औरं दुधवा बाघ संरक्षित क्षेत्र**<br>In May 2025, the Uttar Pradesh Government launched India's first-ever Jungle Safari Vistadome Train connecting which wildlife areas ?<br>**Katarniaghat Wildlife Sanctuary and Dudhwa Tiger Reserve** |
| 90. | जून 2025 में, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को यूनेस्को के क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (UCCN) में ________ के रूप में शामिल करने के लिए नामित किया गया ।<br>**गैस्ट्रोनॉमी का शहर**<br>In June 2025, Lucknow, the capital city of Uttar Pradesh, was officially nominated for inclusion in UNESCO's Creative Cities Network (UCCN) as a<br>**City of Gastronomy** |
| 91. | निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक कॉरिडोर (UPDIC) के सभी छ: क्षेत्रों को सही सूचीकृत करता है ?<br>**लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़, चित्रकूट**<br>Which of the following correctly lists all six zones (nodes) of the Uttar Pradesh Defence Industrial Corridor (UPDIC) ?<br>**Lucknow, Kanpur, Jhansi, Agra, Aligarh, Chitrakoot** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 92. | 27 सितंबर 2022 को सरकार द्वारा निर्मित उत्तर प्रदेश आयोजना आयोग का नया नाम क्या रखा गया ?<br>**राज्य रूपांतरण आयोग**<br>What is the new name of the Uttar Pradesh Planning Commission, constituted by the Government on 27 September 2022 ?<br>**State Transformation Commission** |
| 93. | निम्नलिखित में से कौन–से उत्तर प्रदेश के लेखक जिन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है, उनसे उनकी जन्मतिथि सुमेलित नहीं है ?<br>**अली सरदार जाफरी – लखनऊ**<br>Which of the following Uttar Pradesh writers honoured with the Gyanpeeth Award is not correctly matched with their birthplace ?<br>**Ali Sardar Jafri – Lucknow** |
| 94. | निम्नलिखित में से कौन–से उत्तर प्रदेश के भारत रत्न प्राप्तकर्ता पुरस्कार के वर्ष से सही सुमेलित नहीं है ?<br>**पुरोशोत्तम दास तान्दोन – 1990**<br>Which of the following Bharat Ratna awardees associated with Uttar Pradesh is not correctly matched with the year of the award ?<br>**Purushottam Das Tandon – 1990** |
| 95. | निम्नलिखित में से कौन–से कथन उत्तर प्रदेश के जौनपुर नगर को सही तरीके से वर्णित करते हैं ?<br>**जौनपुर नगर 1358 ई. में फिरोजशाह तुगलक द्वारा अपने चचेरे भाई जौना खान की याद में बनाया गया था।**<br>Which of the following statements correctly describes the city of Jaunpur of Uttar Pradesh ?<br>**The city of Jaunpur was founded by Firozshah Tughlaq in 1358 AD in memory of his cousin brother Jauna Khan.** |
| 96. | _______ को _______ जिले का विभाजन करने के बाद कौशांबी जिला बनाया गया।<br>**4 अप्रैल 1997 – इलाहाबाद**<br>Kaushambi district was constituted on _______ after the bifurcation of ________ district.<br>**4 April 1997 – Allahabad** |



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 97. | 5 मई 2020 को उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा कौन-सी कोविड संबंधित मोबाईल एप्लीकेशन शुरू की गई ?<br><br>**आयुष कवच एप**<br><br>Which COVID related mobile application was launched by the Government of Uttar Pradesh on 5 May 2020 ?<br><br>**Ayush Kavach App** |
| 98. | उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPEIDA) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?<br><br>**गोमती नगर, लखनऊ**<br><br>Where is the Headquarters of the Uttar Pradesh Expressways Industrial Development Authority (UPEIDA) located ?<br><br>**Gomti Nagar, Lucknow** |
| 99. | सरसई नवार झील उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?<br><br>**इटावा**<br><br>Sarsai Nawar Jheel is located in which district of Uttar Pradesh ?<br><br>**Etawah** |
| 100. | उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान पुरस्कार 2022 के लिए कितने विद्वानों को चुना गया था ?<br><br>**46**<br><br>How many scholars were selected for the Uttar Pradesh Sanskrit Sansthan Awards 2022 ?<br><br>**46** |

Answer Key



परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ